# मजदूर परिवार की मजबूरी, मां की बीमारी और बदकिस्मती के बावजूद सुजीत जीता

**कोटा,** (निसं)। मजबूरी हो या बदकिस्मती यदि मजबूत हौसला है तो हर जंग जीती जा सकती है। कॅरियर सिटी कोटा की केयरिंग और मजबूत हौसले का एक और बड़ा उदाहरण सामने आया है। कहानी बिहार के शेखपुरा निवासी छात्र सुजीत माधव की है।

सुजीत माधव ने जेईई-मेन 2025 क्रेक की है और जेईई-एडवांस्ड की तैयारी कर रहा है। सुजीत जेईई-मेन-2 में परीक्षा देने से चूक गया, क्योंकि परीक्षा केन्द्र तक साईकिल से गया था, साइकिल लॉक कर जा रहा था कि सामने ही गेट बंद हो गए और सुजीत बाहर ही रह गया। अब जेईई-मेन-1 के रिजल्ट 98.555 पर्सेन्टाईल स्कोर के आधार पर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है। यही नहीं सुजीत अपनी मां की बीमारी को लेकर भी पिछले दो साल से परेशान है, लेकिन हार नहीं मानी। सुजीत को एलन कोटा ने दोनों वर्ष शुल्क में विशेष रियायत भी दी और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सुजीत ने जेईई-मेन 2025 में एआईआर-22268 और ओबीसी कैटेगरी रैंक 5625 प्राप्त की है।

मां को पहले ब्रेन हेमरेज फिर कैंसर-बिहार के शेखपुरा निवासी सुजीत ने सरकारी स्कूल से पढ़ाई की है। परिवार को रोज खाने के लिए रोज कमाना पड़ता है। पिता चुनचुन कुमार खेती करते हैं और मां किरण देवी गृहिणी है। खेती से घर का अनाज जितना हो पाता है, बाकि समय मजदूरी या छोटे-मोटे काम कर परिवार का खर्च चलाना पड़ता है। घर भी आधा कच्चा आधा पक्का बना हुआ है। सुजीत पढ़ाई में होशियार था, इसलिए वर्ष 2023 में कोटा आया और एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया। पिता ने गांव में साहूकारों से ब्याज पर पैसा उधार लेकर सुजीत को पढ़ने भेजा। सुजीत यहां अच्छा प्रदर्शन कर रहा था लेकिन 8 नवंबर 2023 को मां को ब्रेन हेमरेज हो गया। मां से लगाव होने के कारण सुजीत काफी परेशान हुआ। कुछ दिनों के लिए घर गया लेकिन 12वीं की परीक्षा देनी थी इसलिए भाई के समझाने पर वापिस कोटा आ गया। यहां फैकल्टीज ने मोटिवेट किया और उसने 12वीं कक्षा 81 प्रतिशत अंकों से पास की। सुजीत ने 10वीं कक्षा 85 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। पिछले साल मां को कैंसर ने घेर लिया, मां का इलाज एम्स पटना में चल रहा है।

सुजीत ने बताया कि हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और कोटा में पढ़ाई करना सपने के जैसा था लेकिन हिम्मत कर के जैसे-तैसे कोटा आ गया। कोटा के लोग काफी अच्छे और सपोर्टिव है। मैं पिछले दो साल से



सुजीत

तलवंडी में जिस पीजी में रह रहा हूं, उसका मुश्किल से दो या तीन बार किराया दिया है। पीजी की संचालिका ने बोला हुआ है कि आप पढ़ाई करों, किराए की टेंशन मत लो, जिस दिन इंजीनियर बन जाओं तो मुझे बता देना। मेरे लिए वहीं किराया है। इसी तरह फीस भरने के पैसे नहीं थे तो एलन ने 70 पर्सेन्ट तक फीस में रियायत दे दी। दो तीन साल से इसी तरह फीस दे रहा हूं।

कोटा ने ऐसे बदली जिंदगी, घर से भागकर आया था सबसे बड़ा भाई:- मजदूर परिवार के तीन बेटों के इंजीनियर बनने की कहानी वर्ष 2016 में शुरु हुई थी। जब सबसे बड़ा बेटा रजनीश इंजीनियर बनने का सपना लेकर बिना बताए कोटा आया था। रजनीश ने बताया कि परिवार की स्थिति कोटा भेजने की

- **कोटा केयर्स-बिहार शेखपुरा के मजदूर परिवार के सुजीत की कोटा ने बदली जिंदगी**
- **मजबूरी-फीस के पैसे नहीं थे, कोचिंग ने दी रियायत, पीजी ने नहीं मांगा किराया**

नहीं थी इसलिए पापा ने साफ मना कर दिया था। मुझे कोटा के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी लेकिन ये पता था कि कोटा-पटना ट्रेन कोटा जाती है। इसलिए जेब में पांच सौ रूपए लेकर घर से भागकर कोटा आ गया। मुझे याद नहीं लेकिन, मैंने शायद ट्रेन का टिकट भी नहीं खरीदा था। बस रिस्क लेकर ट्रेन में बैठ गया। यहां आने के बाद लोगों से पूछा और एलन की समन्वय बिल्डिंग आ गया। यहां मुझे संतोष सर और आरके खंगार सर मिले। मैंने इनको स्थिति समझाई।

उन्होंने एक हॉस्टल में रखवा दिया। हॉस्टल संचालक ने भी किराया नहीं मांगा। कोचिंग में भी दो महीने तक ऐसे ही पढ़ाई की इसके बाद दादाजी ने पैसों की व्यवस्था की। इसके बाद वर्ष 2019 में रजनीश अपने सबसे छोटे भाई सुजीत को लेकर भी कोटा आ गया। उस समय सुजीत 9वीं कक्षा में था। कोटा में रहने के दौरान रजनीश ने बीच वाले भाई मृत्युंजय को गाईड किया और उसे स्टडी मैटेरियल भी भेजा, जिससे मृत्युंजय ने पढ़ाई की। वर्ष 2020 में रजनीश ने जेईई मेन दिया और एडवांस के लिए क्वालीफाई किया लेकिन रैंक पीछे आने की वजह से कॉलेज नहीं मिला। ऐसे में जेईई मेन के आधार पर नालंदा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की मैकेनिकल ब्रांच में एडमिशन ले लिया। इसके बाद वर्ष 2022 में मृत्युंजय ने भी नालंदा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की इलेक्ट्रिकल ब्रांच में एडमिशन लिया।

सुजीत के बड़े भाई रजनीश कुमार ने बताया कि हम तीन भाई और एक बहिन हैं। सबसे बड़ा मैं हूं और मैं पटना के इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक कर रहा था। मां की बीमारी की वजह से मुझे बीटेक बीच में छोड़नी पड़ी लेकिन सुजीत और बीच वाले भाई को पढ़ा रहा हूं। सुजीत घर पर रहता था तो घास काटने जाता था, गाएं चराने जाता था और घर के अन्य कामों में व्यस्त रहता था लेकिन पढ़ाई में होशियार था। जब ये 8वीं में था तो 10वीं क्लास की ट्रिग्नोमेट्री सॉल्व कर देता था। इसको देखते हुए ही मैंने पापा से बात की और बड़ी मुश्किल से सुजीत को कोटा भेजने के लिए तैयार किया।

## रिफ्रेशमेंट कैंटीन का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे का कोटा रेल मंडल डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन में यात्री सुविधाओं को बेहतर करने के साथ-साथ मंडल में कार्यरत कर्मचरियों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने की दिशा में भी लगातार कार्य कर रहा है। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के परिसर में गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) के तहत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के नेतृत्व में "रिफ्रेशमेंट कैंटीन" का संविदा के माध्यम से आवंटन किया गया। रिफेशमेंट कैंटीन का उद्घाटन डीआरएम अनिल कालरा द्वारा रिवन काटकर शुभारंभ किया गया। पूर्व में मंडल कार्यालय में संचालित हो रही कैन्टीन बंद होने से कर्मचारी एवं आगन्तुकों के लिए रिफ्रेशमेंट का अभाव था। मंडल कार्यालय में शुभारंभ किये गये "रिफेशमेंट कैंटीन" में कर्मचारी एवं आगन्तुकों के लिए अल्पाहार, खानपान उचित दर के अतिरिक्त गेम जोन (कैरम एवं चेस) की भी सुविधा मिलेगी। इस कैन्टीन का शुभारंभ कार्य संविदा के माध्यम तीन वर्ष की अवधि हेतु आवंटित किया गया है। यह सुविधाओ में बढ़ोत्तरी के साथ अतिरिक्त राजस्व बढ़ाने की दिशा में मंडल द्वारा किया गया सराहनीय पहल है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विनोद मीना, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुषमा भटनागर एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बिरला को समस्याओं से अवगत कराया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, कोटा के जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने ओम कृष्ण बिरला अध्यक्ष लोकसभा से उनके कोटा आगमन के दौरान भेंट की और पेंशनर्स की कुछ समस्याओं के संबंध में उनको अवगत कराया। उन्होंने सेवारत पुलिसकर्मियों को राज्य सरकार द्वारा हाल में मेस तथा वर्दी भत्ता बढ़ाने और सेमी डिलक्स बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा देने पर आभार व्यक्त किया। साथ ही कोटा रेंज में कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक उप-निरीक्षक की विभागीय परीक्षाएं आयोजित कराने व डीपीसी के माध्यम से पदोन्नति प्रदान करने पर भी चर्चा की। इसके अतिरिक्त कोटा के विकास को गति देने की दिशा में एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के प्रयासों की भी सराहना की और संगठन द्वारा हर रचनात्मक कार्य में सहयोग हेतु आश्वस्त किया। प्रतिनिधि मंडल में घनश्याम शर्मा, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जगदीश प्रसाद मीणा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भंवर सिंह हाडा, उपाध्यक्ष, विजय सिंह कुंतल, कार्यालय मंत्री, राम दयाल नागर तथा हरिराज सिंह, प्रचार मंत्री, नंदलाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष तथा सत्यपाल सिंह, कार्यकारिणी सदस्य आदि भी उपस्थित रहे।

### सूने पड़े मकान में चोरी का मामला दर्ज

**कोटा,** (निसं)। जवाहर नगर थाना इलाके में एक सूने पड़े मकान में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता महिला इन्द्रा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में सामने आया कि महिला अपने पति के साथ दो घंटे के लिये किसी रिश्तेदार के यहां गई और जब वह वापस लौटी और मकान के बाहर लगे ताले को खोलकर दंपति ने अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। घर से जेवर व अन्य सामान चोरी हो गया था। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि इन्द्रा ने रिपोर्ट दी है कि वह किराये के मकान में रहती है मकान में ब्यूटी पार्लर भी खोल रखा है। रिपोर्ट में कहा कि रविवार शाम को पति के साथ किसी रिश्तेदार के यहां गये थे और शाम को वापस लौटे। रिपोर्ट में कहा कि लॉक खोलकर अंदर गये तो देखा रूम का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। थानाधिकारी ने बताया कि महिला ने मंगलसूत्र व अन्य सामान चोरी की रिपोर्ट दी है। महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। दिगम्बर जैन समाज के प्रतिष्ठित संगठन शदिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन कोटा रीजनश की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को बघेरवाल मांगलिक भवन, झालावाड़ रोड पर गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष अनिल ठोरा, सचिव पीयूष जैन सहित 43 सदस्यीय जम्बों कार्यकारिणी ने पद की शपथ ली और विधिवत रूप से कार्यभार संभाला। समारोह के मुख्य अतिथि, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र कांसल ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा, 'फेडरेशन सेवा, संस्कार और संस्कृति के मूल्यों पर आधारित संस्था है, और कोटा रीजन हमेशा नवाचार, समर्पण और नेतृत्व के लिए जाना जाता रहा है।' उन्होंने नई कार्यकारिणी को सामाजिक सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं और पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं की भागीदारी पर विशेष बल दिया। उन्होंने कोटा रीजन से मोक्षरथ की मांग की।

### 12429 घरों का सर्वे किया

**कोटा,** (निसं)। कामयाब कोटा बनाना है, डेंगू को हराना है' अभियान एवं मलेरिया क्रेश कार्यक्रम के तहत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की 794 टीमों ने जिले में 12429 घरों का सर्वे कर लार्वारोधी व जागरूकता गतिविधियां की। सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर ने बताया कि मौसमी बीमारियां डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की रोकथाम संबंधी गतिविधियां जारी है। टीमों ने 18173 कंटेनरों जिनमें टंकी, कूलर, परिण्डे आदि अन्य की जांच की, इस दौरान लार्वा पाए 52 कंटेनरों को उपचारित किया, 1074 कंटेनरों को खाली कराया, 465 कंटेनरों में टेमीफोस व 302 स्थानों पर एमएलओ डाला। इस दौरान 187 ब्लड स्लाईड भी ली गई। 268 कमरों में पायरेथ्रम का स्प्रे किया गया। आमजन को बचाव-रोकथाम संबंधी जागरूकता के पम्फलेट वितरित किए, पोस्टर व स्टीकर चस्पा किए।

### दिया कुमारी का स्वागत किया

**कोटा,** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि कोटा प्रवास पर पधारी दिया कुमारी उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार का नयापुरा चौराहा पर भाजपा शहर जिला कोटा द्वारा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में 51किलो पुष्पहार से भव्य स्वागत करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री के साथ वित्त और सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री के रूप में हाड़ौती को अनेकों सौगातें देते हुए सड़कों का जाल बिछाने का तोहफा दिया है जिसके लिए कोटा की धरती पर दिया कुमारी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मशीनों के माध्यम से पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि दिया कुमारी ने महिलाओं की चिंता करते हुए महिलाओं को लगातार संबल देने का प्रयास किया है।

### विद्यालय में दरी पट्टियां व फर्श भेंट

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रैतिया चौकी में सोमवार को भारत विकास परिषद महावीर शाखा कोटा द्वारा 200 विद्यार्थियों के बैठने के हेतु सूती की दरी पट्टीयां एवं फर्श भेंट किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शुभारंभ में संस्था के सुरेन्द मोहन शर्मा, महावीर शाखा संरक्षक देवकीनंदन गुप्ता सचिव, राकेश दीक्षित सेवा प्रकल्प प्रभारी, देवाशीष मुखर्जी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया।

## आमजन के लिए प्याऊ लगाई

**कोटा,** (निसं)। कोटा में भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है, हीट वेव के कारण कई लोग बीमार हो रहे हैं, आमजन को शीतल पेय उपलब्ध कराए जाने और राहत प्रदान करने के लिए जगह-जगह शीतल जल और शरबत के काउंटर लगाए जा रहे हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से टीम पंकज मेहता द्वारा सोमवार को रामपुरा कोतवाली थाने के सामने शीतल जल के लिए प्याऊ लगाई गई। प्याऊ का शुभारंभ राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष, कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता द्वारा किया गया। टीम पंकज मेहता के ललित चित्तौड़ा ने बताया कि इस अवसर पर छाछ व लस्सी का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि यहां पर प्रतिदिन कैंपर का ठंडा पानी आमजन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

# लव-कुश छात्रावास परिसर में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**कोटा,** (निसं)। लव-कुश छात्रावास परिसर में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह एवं लवकुश जयंती समारोह तथा संस्था का खुला अधिवेशन रविवार को आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे।

विशिष्ट अतिथि भरत सिंह कुशवाह सांसद ग्वालियर, भगवान सिंह कुशवाहा विधायक खेरागढ़ आगरा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता रहें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लव-कुश भगवान के विचार, उनकी कार्यशैली, उनकी वीरता, उनका आत्मविश्वास, उनका धैर्य जिस तरह से रहा है, इस पर समाज आज भी चल रहा है। क्षत्रिय समाज संघर्षशील समज रहा है, मेहनती समाज रहा है, सेवा भावी समझ रहा हैं, देश की सेवा में आज भी सीमा पर क्षत्रिय समाज के वीर तैनात हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह समाज सामर्थ्य देता है, शक्ति देता है, यह समाज धर्म संस्कृति के साथ रहता है। बिरला ने कहा कि विरासत भी कुशवाहा समाज की संघर्षील रही है, आज भी देश की सेवा की जा रही है, यह समाज देश की सेवा में अग्रणी है, उन्होंने आह्वान किया कि समाज के युवक-युवतियों को बेहतरीन शिक्षा और संस्कृति से जोड़ा जाए ताकि एक सभ्य समाज का निर्माण हो सकें।

हवन के पुरोहित संस्था के ही सभासद गुमान सिंह कुशवाहा व महामंत्री रामनारायण कुशवाहा द्वारा संपन्न कराया गया। इस छात्रावास के निर्माण में समाज का अधिक से अधिक सहयोग प्राप्त हुआ। कुशवाहा क्षत्रीय विकास समिति कोटा संभाग के अध्यक्ष रमेश चंद कुशवाहा एडवोकेट विधिक सलाहकार, चंद्रमोहन कुशवाहा एडवोकेट, संस्था के सचिव भरत सिंह कुशवाहा एडवोकेट, नरेंद्र सिंह कुशवाहा एडवोकेट, दुर्गा शंकर कुशवाहा एडवोकेट, संस्था के छात्रावास आवास संयोजक प्रभु सिंह कुशवाहा, संस्था के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा, संस्था के विधिक सलाहकार ठाकुर चंद्र मोहन कुशवाहा एडवोकेट, संस्था केजरीवाल सचिव भरत कुशवाह एडवोकेट, संस्था के पदाधिकारी गण आनंदीलाल कुशवाहा, चंद्रप्रकाश कुशवाहा, राम रतन कुशवाहा कंपाउडर आदि उपस्थित रहे।

# महावीर स्वामी का 50 वर्षों बाद महामस्ताभिषेक हुआ

**छबड़ा** (निसं)। दिगम्बर जैन मंदिर पर स्वर्णिम पलों के तहत आचार्य विद्यासागर एवं समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य 108 मुनि सुव्रत सागर महाराज के सानिध्य में समाज के सोभाग्य से मन्दिर पर वर्तमान शासन नायक एवं मूलनायक भगवान महावीर स्वामी का महामस्ताभिषेक, 108 कलशों से कलशाभिषेक एवं शांति धारा की गई। इस अवसर पर भामण्ल लगाये गये। इस पुण्य अवसर पर छबड़ा जैन समाज के अलावा छीपाबड़ौद एवं मध्यप्रदेश सहित अन्य जगहों के समाज के लोगों ने भी धर्म लाभ उठाया।

स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर पर रविवार को मुनि सुव्रत सागर महाराज के परम सानिध्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। छबड़ा आए मुनि सुव्रत सागर महाराज के सानिध्य में सुबह लगभग 50 वर्षों बाद जैन धर्म के वर्तमान शासन नायक एवं मूल नायक भगवान महावीर स्वामी का महामस्ताभिषेक तथा 108 कलशों से कलाशाभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान की शान्ती धारा की गई। महामस्ताभिषेक करने का सौभाग्य प्रकाशचन्द, जितेंद्र कुमार, शेलेन्द्र कुमार लुहाड़िया एवं प्रवीण कुमार अभिनव कुमार पाण्डया ने 45-45 हजार रुपये की बोली लगाकर या। साथ ही शान्तिधारा करने का शोभाग्य दीपचंद, आशा लुहाडिया एवं प्रवीण कुमार अभिनव कुमार पाण्डया ने 21 --21 हजार रुपये की बोली लगाकर लिया। इस अवसर पर चन्द्र प्रकाश शिखरचन्द, विमल कुमार, धर्मचंद एवं पदम चन्द लुहाड़िया ने वेदी जी में चांदी की प्रतिमा विराजमान कराने के लिये 6 किलो चांदी देने की घोषणा की साथ ही राकेश कुमार अवि कुमार द्वारा अपने पिता स्वर्गीय महावीर लुहाड़िया की पुण्य स्मृति में वेदि जी में अष्ट प्रतिहार्य एवं चांदी की पेटी चढ़ाई गई साथ ही दीपचंद आशा लुहाडिया ने विधान में प्रतिमा जी विराजमान करने के लिये चांदी का सिंघासन दिया।

मूल नायक भगवान महावीर स्वामी, आदिनाथ भगवान पार्श्वनाथ भगवान एव नेमीनाथ भगवान के चांदी के भामण्डल भी लगाये गए। मूल नायक महावीर स्वामी का चांदी का भामण्डल छबड़ा निवासी रामस्वरूप धर्मपत्नी मीना गोयल एवं बारां निवासी रामदयाल पिंकी गोयल द्वारा तथा किलो चांदी का भामण्डल संजीव कुमार जैन डिस्क वाले, प्रकाश चन्द रामपुरिया, प्रवीण कुमार अभिनव कुमार पाण्डया, विमल कुमार लुहाडिया द्वारा उडाये गए।

## धोखाधड़ी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। बूढ़ादीत थाना पुलिस टीम ने गिल्ट के बने आभूषणों को चांदी का बताकर गिरवी रखकर धोखाधड़ी कर रूपये ऐंठने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ हेतु ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के निर्देशन में विशेष अभियान चला रखा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि बूढ़ादीत थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी रघुवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए गिल्ट के बने आभूषणों को चांदी का बताकर गिरवीं रखकर धोखाधड़ी कर रूपये ऐंठने के मामले में वांछित आरोपी तलाब गांव अनंतपुरा निवासी गोरानाथ (59) को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने इस मामले में दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चूकी हैं, वहीं मामले में वांछित चल रहे आरोपी गोरानाथ को भी गिरफ्तार कर लिया।

# प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को मजबूत करेगी डबल इंजन की सरकार : दिया कुमारी

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सोमवार को कोटा में चल रही अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में देश भर से आई महिला खिलाड़ियों का सम्मान किया तथा पदक विजेताओं को मेडल भेंट किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को मजबूत कर रही है। भविष्य में राजस्थान से कई ओलंपिक पदक विजेता सामने आएंगे।

नयापुरा स्थित खेल परिसर के रघुराई एण्डो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में खेलों में अनेक सकारात्मक बदलाव हुए हैं, जिसके सुखद परिणाम अब देश के सामने आ रहे हैं। राजस्थान में भी अब भाजपा सरकार है जो खेलों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। खेल के इंफ्रांस्ट्रक्चर और खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाओं में सुधार हो रहा है। अब राजस्थान भी खेलों में सिरमौर बनेगा और यहां की पदक विजेताओं की सूची में महिलाएं अग्रणी रहेंगी। उन्होंने कोटा में हो रही अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती



**कोटा में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महिला पहलवानों को सम्मानित किया है।**

प्रतियोगिता को भी प्रदेश में कुश्तियों को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इससे प्रदेश में कुश्तियों के प्रति रूचि बढ़ेगी और कुश्ती के खिलाड़ियों के स्तर में भी इजाफा होगा।

आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए उन्होंने राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता की सराहना भी की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि कुश्ती का खेल हमारी संस्कृति और परम्पराओं में रचा-बसा है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमार ने यहां आकर देशभर से आए खिलाड़ियों विशेष तौर पर महिला खिलाड़ियों को जो प्रोत्साहन दिया है वह निश्चित तौर पर उन्हें आगे बढ़ने और देश का नाम रोशन करने दिशा में गतिमान करेगा। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि कोटा में आयोजित हो रही कुश्ती प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों को नई ऊर्जा दी है। इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों में भी कुश्ती से जुड़ने का उत्साह बढ़ेगा।

राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने कहा कि राजस्थान में गांव-ढाणी से लेकर शहरों तक कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए काम किया जा रहा है। हमारा प्रयास होगा कि अगले ओलम्पिक में राजस्थान के खिलाड़ी भी देश का प्रतिनिधित्व करें। इसके लिए हमें राजस्थान सरकार से भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी आश्वस्त किया है कि वे कुश्ती विशेष तौर पर महिला कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए हर समय तैयार हैं।

कार्यक्रम में भारतीय कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपियन जय प्रकाश पहलवान, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनूसुईया गोस्वामी, पूर्व उपमहापौर सुनीता व्यास, भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष कविता पचवारिया, देहात अध्यक्ष आशा त्रिवेदी, भाजपा नेता भूपेंद्र सैनी सहित अनेक गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/115 विज्ञप्ति दिनांकः-21.4.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालाकुण्ड में स्थित कृषि भूमि योजना न्यू जवाहर नगर खसरा नं. 41/268 में स्थित भूखण्ड संख्या डी-26 क्षेत्रफल 83.33 वर्गगज आवेदक श्री महेश कुमार चौरसिया पुत्र स्व.श्री ग्यारसी लाल चौरसिया निवासी 17/235, नन्द किशोर जी का ढपोला, बृजराजपुरा कोटा राज. नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा आदेश क्रमांक 2526 दिनांक 04.08.2003 को महेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री बाबूलाल यादव के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान रजि. विक्रय पत्र दिनांक 05.03.2005 को जर्ये मुख्तारआम अनिल अग्रवाल पुत्र श्री मोहन लाल द्वारा प्रिया शर्मा पत्नि श्री राजेन्द्र शर्मा के पक्ष में किया गया। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 25.10.2012 से आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री महेश कुमार चौरसिया पुत्र स्व.श्री ग्यारसी लाल चौरसिया के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांकः-नपबा/रुपा./2025/486-87 लोक सूचना दिनांकः-21.4.2025

सुरेन्द्र गोयल पुत्र श्री द्वारकालाल जाति महाजन निवासी कलमण्डा तह. व जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां, तहसील व जिला बारां | गोपालपुरा | 160/749<br>822/158<br>160/750<br>कुल किता 3 | 0.85 है.<br>0.28 है.<br>0.80 है.<br>में से 0.6800 है.<br>कुल रकबा 1.81 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/1531 दिनांकः-21.04.2025

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना डिस्ट्रिक्ट सेन्टर व्यावसायिक भूखंड संख्या 235 का नामहस्तांतरण पत्र क्रमांक 460-61 दिनांक 30.12.2014 को श्री बसंत सचदेव पुत्र श्री भीष्मराज सचदेव के नाम हस्तांतरण किया गया था। श्री बसंत सचदेव पुत्र श्री भीष्मराज सचदेव की मृत्यु दिनांक 13.11.2024 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री बसंत सचदेव पुत्र श्री भीष्मराज सचदेव के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री नीरज सचदेव पुत्र स्व. श्री बसंत सचदेव द्वारा उक्त भूखंड संख्या 235 डिस्ट्रिक्ट सेन्टर व्यावसायिक अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 235 योजना डिस्ट्रिक्ट सेन्टर व्यावसायिक का नामहस्तान्तरण श्री नीरज सचदेव पुत्र स्व. श्री बसंत सचदेव के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/1532 दिनांकः-21.04.2025

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना डिस्ट्रिक्ट सेन्टर व्यावसायिक भूखंड संख्या 236 का नामहस्तांतरण पत्र क्रमांक 398-99 दिनांक 12.12.2014 को श्री बसंत सचदेव पुत्र श्री भीष्मराज सचदेव के नाम हस्तांतरण किया गया था। श्री बसंत सचदेव पुत्र श्री भीष्मराज सचदेव की मृत्यु दिनांक 13.11.2024 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री बसंत सचदेव पुत्र श्री भीष्मराज सचदेव के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री नीरज सचदेव पुत्र स्व. श्री बसंत सचदेव द्वारा उक्त भूखंड संख्या 236 डिस्ट्रिक्ट सेन्टर व्यावसायिक अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 236 योजना डिस्ट्रिक्ट सेन्टर व्यावसायिक का नामहस्तान्तरण श्री नीरज सचदेव पुत्र स्व. श्री बसंत सचदेव के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/1274 दिनांकः-21.4.2025

**नाम हस्तान्तरण स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या-104 दी होलसेल न्यू क्लाथ मार्केट व्यावसायिक योजना कोटा का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 1663 दिनांक 28.12.1996 द्वारा श्री चॉदमल हेमन्त कुमार लोढा प्रो. कमल लोढा को आवंटित किया गया था। जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 31.03.1999 को हो चुकी है। श्री कमल कुमार लोढा पुत्र श्री हुकुम चन्द लोढा के द्वारा उक्त भूखंड का बेचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 28.09.2004 को श्रीमती पुष्पादेवी पत्नी श्री श्याम लाल पुरसवानी के पक्ष में कर दिया गया है। श्रीमती पुष्पादेवी पत्नी श्री श्याम लाल की मृत्यु दिनांक 22.11.2004 को हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात पुष्पादेवी के विधिक वारिसान के द्वारा श्री श्याम लाल पुत्र श्री हरीराम के पक्ष में पुष्पादेवी के हक का त्याग किया गया है। हकत्याग ग्रहिता श्री श्याम लाल पुत्र श्री हरीराम एवं सह पार्टनर कमल कुमार लोढा पुत्र श्री हुकुम चन्द लोढा के द्वारा संयुक्त नाम से नाम हस्तांतरण चाहा गया है। अत: जरिये आम सूचित किया जाता है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या 104 दी होलसेल न्यू क्लाथ मार्केट व्यावसायिक योजना का नाम हस्तांतरण श्री श्याम लाल पुत्र श्री हरीराम एवं सह पार्टनर कमल कुमार लोढा पुत्र श्री हुकुम चन्द लोढा नाम से जारी कर दी जायेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 136 जाहिर आम सूचना दिनांक - 21.4.25

आवास संख्या 2-ख-8 केशवपुरा कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण राजोरा पुत्र श्री कल्याण प्रसाद को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री लक्ष्मीनारायण राजोरा पुत्र श्री कल्याण प्रसाद के नाम दिनांक 23.02.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री लक्ष्मीनारायण राजोरा पुत्र श्री कल्याण प्रसाद की मृत्यु दिनांक 05.10.2024 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती सूरज बाई की मृत्यु दिनांक 09.09.2022 को हो चुकी है। श्री लक्ष्मीनारायण राजोरा पुत्र श्री कल्याण प्रसाद द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 04.10.2024 को श्री अनिल कुमार पुत्र श्री केसरी लाल के पक्ष में आलेखित की गई। श्री अनिल कुमार पुत्र श्री केसरी लाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-ख-8 केशवपुरा कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री अनिल कुमार पुत्र श्री केसरी लाल के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अनिल कुमार पुत्र श्री केसरी लाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अनिल कुमार पुत्र श्री केसरी लाल के नाम कर दिया जावेगा। उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/118 विज्ञप्ति दिनांकः-21.4.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी योजना "कृष्णा नगर (अटवाल कॉम्प्लेक्स" खसरा नं. 133 में स्थित भूखंड संख्या (67-बी, 68)बी के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री रमेश लाल शर्मा पुत्र रामराज शर्मा निवासी-67-बी-1, गली नं. 4 कृष्णा नगर बजरंग नगर कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या (67-बी, 68) का पट्टा क्रमांक 4249 दिनांक 12.07.2005 को (1800 वर्गफीट) 200 वर्गगज का श्री अब्दुल सईद अंसारी पुत्र श्री अब्दुल वहीद अंसारी के पक्ष में जारी किया गया था। तत्पश्चात पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंड का उपविभाजन (67-बी,68)ए=1175 वर्गफीट तथा (67-बी,68)बी=625 वर्गफीट के रुप में दिनांक 10.10.2024 को करवाया गया। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंडों में से भूखंड सं. (67-बी,68)बी का बेचान जर्ये मुख्तारआम हरप्रीत सिंह पुत्र इकबाल सिंह जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 08.10.2008 को श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री रमेश लाल शर्मा को किया गया था। आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार श्रीमती सावित्री देवी की मृत्यु दिनांक 24.04.2021 को हो चुकी है। श्रीमती सावित्री देवी की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान 1. श्री पंकज कुमार शर्मा (पुत्र) 2. मंजू शर्मा (पुत्री) 3. इन्द्रा शर्मा (पुत्री) 4. हेमलता शर्मा (पुत्री) हक त्याग जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 13.04.2022 से आवेदक पक्ष में कर दिया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत (1) रिलीज डीड (2) विधिक वारिसान शपथ पत्र एवं (3) मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अत: श्री रमेश लाल शर्मा पुत्र रामराज शर्मा के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 137 जाहिर आम सूचना दिनांक - 21.4.25

आवास संख्या 2/288 गणेश तालाब कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री राम किशन पुत्र श्री सोनी लाल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती घीसी बाई पत्नी श्री आनन्दी लाल के नाम दिनांक 22.10.1997 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती घीसी बाई पत्नी श्री आनन्दी लाल के नाम दिनांक 30.12.1997 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती घीसी बाई पत्नी श्री आनन्दी लाल की मृत्यु दिनांक 05.10.2012 को एवं इनके पुत्र श्री कमलेश नागर की मृत्यु दिनांक 07.04.2011 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री आनन्दी लाल नागर पुत्र श्री बिरधिलाल नागर एवं श्री मोहन लाल नागर पुत्र श्री आनन्दी लाल नागर द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्सों का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 04.10.2024 को श्रीमती ममता नागर पत्नी स्व. श्री कमलेश नागर, श्री लवेश नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर एवं श्री युवराज नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर के पक्ष में संयुक्त रुप से किया गया। श्रीमती ममता नागर पत्नी स्व. श्री कमलेश नागर, श्री लवेश नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर एवं श्री युवराज नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2/288 गणेश तालाब कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती ममता नागर पत्नी स्व. श्री कमलेश नागर, श्री लवेश नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर एवं श्री युवराज नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती ममता नागर पत्नी स्व. श्री कमलेश नागर, श्री लवेश नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर एवं श्री युवराज नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती ममता नागर पत्नी स्व. श्री कमलेश नागर, श्री लवेश नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर एवं श्री युवराज नागर पुत्र स्व. श्री कमलेश नागर के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा